हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 12 अप्रैल 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

12 सांसद चौधरी से रेल समिति के पदाधिकारियों ने की मुलाकात



14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में महीनों से...



## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** मुढ़ेना चौक पावर प्लांट के पास देशी प्लेन शराब की बिक्री कर रहे एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी संतोष बंजारे पिता इतवारी बंजारे (36 साल) निवासी ग्राम मुढेना के कब्जे से एक प्लास्टिक सफेद बोरी के अंदर 26 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमत 2080 रुपये एवं 14 पौवा शोले मसाला देशी शराब कीमत 1400 रुपये कुल शराब 7200 एमएल कीमत 3480 रुपये को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गढ़सिवनी में एक व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी के बाजार चौक के पास एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। प्रार्थी महेश्वर ने बताया कि वह 10 अप्रैल की रात्रि 8 बजे बाजार चौक में बैठा था। उसी समय ऋषि कुमार साहू, रोमनाथ साहू, टिकेश साहू आये और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं लाठी डंडा से मारपीट करने लगे। तुमगांव थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दंतैल की उपस्थिति लोगों से जंगल नहीं जाने की अपील

**महासमुंद।** सिरपुर क्षेत्र में दो दंतैल



हाथियों के विचरण के चलते वन विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। हाथियों की उपस्थिति को लेकर सोशल मीडिया पर जारी अलर्ट के अनुसार 2 दंतैल हाथियों ने रात्रि में कक्ष क्रमांक 136 से होते हुए ग्राम छताल के खेत से निकल कर वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 126, 127, 125,जंगल में प्रवेश किया है। बताया गया है कि हाथियों का वर्तमान लोकेशन कक्ष क्रमांक 127, 56, 55 के जंगल में है। जिनके कक्ष क्रमांक 54, 55, 46, 53, 60, 59, 58 में आगे बढ़ने की संभावना है। दंतैल हाथियों की उपस्थिति को लेकर ग्राम तालाझर, मुडरुमडीह, दलदली, नांदबारु, सुकुलबाय, केशलडीह, खिरशाली, बंदोरा, रायमुडा, झाखरमुडा, अचनकपुर, फुसेराडीह के आसपास के ग्रामीण को हाई अलर्ट किया गया है। साथ ही कहा गया है कि आज रात्रि में हाथियों के सिरपुर से फुसेराडीह रोड पार कर करने की संभावना है। वहीं ग्राम खड़सा, मोहकम, लहंगर, परसाडीह, कुकराडीह, गुडरुडीह, बांसकुडा, बिरबीरा, मालीडीह, पिरदा के ग्रामीण से भी अलर्ट रहने कहा गया है। लोगों से जंगल की ओर नहीं जाने और हाथी के दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देने की अपील की गई है।



# षड्यंत्रपूर्वक मजदूर को टैंक में उतारने से हुई मौत मामले में परिजनों ने की हत्या का मामला दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा(ग्रामीण)

- कैलाशपुर में अवैध शराब टैंक में उतारने से हुई युवक की दर्दनाक मौत

ग्राम कैलाशपुर में अवैध शराब निर्माण के संदेहास्पद केंद्र में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक अर्जुन नायक के परिजनों ने यह आरोप लगाया है कि गांव के ही दो व्यक्तियों घासीराम यादव और उसका पुत्र चक्रधर यादव ने षडयंत्रपूर्वक उसे अपने घर बुलाकर अवैध शराब निर्माण हेतु बनाए गए टैंक में उतार दिया, जिससे जहरीली गैस के संपर्क में आने से उसकी हालत गंभीर हो गई और अंततः इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

मृतक की पत्नी जयंती नायक ने पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन सौंपकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनका पति अर्जुन, अनावेदकों के यहां मजदूरी करता था। 6 जनवरी की रात उसे चक्रधर यादव अपने घर बुलाकर ले गया। देर रात जब वह घर लौटा तो उसकी हालत अत्यंत खराब थी, बोलने और चलने में भी असमर्थ था। अर्जुन ने बताया कि उसे जबरदस्ती शराब के टैंक में उतारा गया जहां वह बेहोश हो गया था।

अगले दिन गांव के अन्य लोगों के माध्यम से यह जानकारी मिली कि अर्जुन को बचाने के प्रयास में एक अन्य व्यक्ति राधेश्याम पटेल भी बेहोश हो गया था। बाद में कई लोगों की मदद से दोनों को बाहर निकाला गया। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने अर्जुन को धमकाया और इलाज के लिए मना किया। जब उसकी हालत बिगड़ती गई तो उसे झलप, महासमुंद अस्पताल और अंततः रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां 10 जनवरी को उसकी मृत्यु हो गई। परिवार ने मांग की है कि दोषियों पर हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। मृतक की पत्नी और दो छोटे बच्चों का भविष्य अब अधर में लटक गया है। ग्रामीणों ने भी इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है।

## ठगी : बैंक से लोन निकलवाए, मानदेय का किया वादा, 2 महिलाएं गिरफ्तार

# 151 महिलाओं को लघु उद्योग का सपना दिखाकर महिलाओं ने ही ठगे 70 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले की 151 महिलाओं से आटा चक्की लगाकर लघु उद्योग खोले जाने के नाम पर तकरीबन 70 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। राजधानी की राखी ध्रुव और पूनम नायक ने जिले के विभिन्न गांवों में महिलाओं को आटा चक्की लगाकर लघु उद्योग स्थापित करने का झांसा देते हुए भारी भरकम राशि की ठगी की गई।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी महिलाओं ने 2024 में महासमुंद शहर, ग्राम मुड़ियाडीह और आरंग में 10-10 महिलाओं के समूह बनाए। प्रत्येक समूह को एक आटा चक्की स्थापित करने और 6 हजार रुपए मासिक मानदेय देने का वादा किया।

आरोपियों ने महिलाओं को बैंक से 40-40 हजार रुपए का लोन लेने को कहा। महिलाओं ने लोन की राशि आरोपियों को सौंप दी। ठगी का एहसास होने के बाद पीड़ित महिलाएं थाने पहुंची। शिकायत के बाद पुलिस ने रायपुर से दोनों आरोपी महिला को पकड़ा है।





पूनम नायक



राखी ध्रुव

### 151 महिलाओं से 69 लाख की ठगी

आरोपियों ने महासमुंद की 50 महिलाओं से 28.38 लाख, आरंग की 79 महिलाओं से 31.60 लाख और मुड़ियाडीह की 22 महिलाओं से 8.80 लाख रुपए ठगे। इन दोनों पर दुर्ग जिले के उतई में भी इसी तरह के दो ठगी के मामले दर्ज हैं।

### पहले भी कर चुकी है ठगी

एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय का कहना है महासमुंद शहर के अलावा, खल्लारी विधानसभा के ग्राम मुड़ियाडीह और आरंग की महिलाओं से ठगी की है। इन दोनों के खिलाफ दुर्ग के उताई में पहले से ठगी के दो अपराध दर्ज है।

### दोनों महिला आरोपी रायपुर से पकड़ी गईं

शुरुआत में दोनों आरोपी कुछ महीने तक बैंक की किश्तें जमा करती रहीं। लेकिन 6 महीने बाद किश्तें जमा करना बंद कर दिया। बैंक ने जब महिलाओं पर किश्त जमा करने का दबाव बनाया, तो पीड़ित महिलाओं ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित महिलाओं की शिकायत के बाद दोनों आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की मदद से दोनों आरोपियों को रायपुर से पकड़ाए है।

### आधार कार्ड और फोटो लेकर रोजगार देने की बात कही

पीड़ित महिला प्रिया देवांगन ने बताया कि मां दंतेश्वरी लघु उद्योग नयापारा में आटा चक्की स्थापित करने के लिए 10 महिलाओं से आधार कार्ड और फोटो लिया था। बाद में महिलाओं की समूह बनाकर स्वरोजगार देने की बात कही थी। पहले महीने तो सभी को 6-6 हजार रुपए मानदेय के रूप में दिया गया। बाद में बैंक से लोन को कहा और विश्वास कर के सभी ने बैंक से 40-40 हजार रुपए लोन लिया।

# रामेश्वरी दुर्गा मंदिर में हुई चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

रामेश्वरी दुर्गा मंदिर में स्थित हनुमान प्रतिमा के मुकुट चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चांदी का मुकुट और स्कूटी जब्त किया गया है। पुलिस ने बताा कि घटना को लेकर प्रार्थी रणधीर सिंह खनूजा महासमुंद ने सिटी कोतवाली महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रामेश्वरी दुर्गा मंदिर से अज्ञात आरोपी ने हनुमान जी की मूर्ति में लगे चांदी के मुक्ट को चोरी कर लिया।

विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा गया तथा संदिग्ध लोगों की खोजपीन की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सीसीटीवी फुटेज से मिलता जुलता व्यक्ति बस स्टैंड महासमुंद में घूम रहा है। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। जिससे पूछताछ में अपना नाम राज यादव पिता स्व. मोहन यादव (उम्र 22 वर्ष) निवासी ग्राम इच्छापुर थाना कोमना, नुआपाडा, ओडिशा हाल निवास स्वीपर कॉलोनी महासमुंद का होना बताया। जिससे उक्त चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर उसने रामेश्वरी दुर्गा मंदिर में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक नग चांदी का मुकुट कीमत 6500 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी कीमत 25000 रुपए कुल 30500 रुपए जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## कलेक्टर ने अंतिम दिन किया जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

**महासमुंद।** सुशासन तिहार 202 के प्रथम चरण अंतर्गत आम जनता तक



सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू ने जनपद पंचायत महासमुंद के सुदूर ग्रामों छपोराडीह, पासिद और चुहनी ग्राम पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर सुशासन तिहार के क्रियान्वयन की स्थिति का निरीक्षण किया। साथ ही जिले के पांचों विकासखंडों की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त किए गए 51 नोडल अधिकारियों ने संबंधित ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया।"निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की मांग, शिकायतें और समस्याओं को पोर्टल में एंट्री कर संबंधित विभागों को भेजी जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नागरिकों की बैठने तथा गर्मियों को देखते हुए पानी व छांव की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, साथ ही आम जनता की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना भी इसका अहम हिस्सा है। सुशासन तिहार को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह और भागीदारी की भावना देखने को मिली। कलेक्टर लंगेह ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना।

# सुशासन तिहार के प्रथम चरण में जिलेभर से तीन दिनों में मिले 81 हजार से अधिक आवेदन, मांगें ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की लोक कल्याणकारी पहल "सुशासन तिहार" के अंतर्गत महासमुंद जिले में नागरिकों की समस्याओं के समाधान और प्रशासन से सीधे संवाद की प्रक्रिया उत्साहपूर्वक जारी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में 8 अप्रैल से प्रारंभ हुआ अभियान का शुक्रवार 11 अप्रैल को अंतिम दिन रहा।

केवल तीन दिनों में ही 81 हजार 357 की संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं, प्राप्त आवेदन अधिकांश 79642 आवेदन विभिन्न मांगों के संबंध में और 1715 शिकायत संबंधी है। प्रत्येक आवेदन को पोर्टल में पंजीकृत कर ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। आवेदनकर्ता को भी पावती दी गई है। आवेदन संबंधित विभाग को निराकरण हेतु भेजे जा रहे है। अंतिम दिन भी आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरे जोश और उत्साह के साथ जारी है।

विभिन्न जनपद और नगरीय निकायों से प्राप्त आवेदनों की संख्या इस प्रकार रही। जनपद पंचायत महासमुंद में 25872, जनपद पंचायत सरायपाली में 13482, जनपद पंचायत पिथौरा में 14741, जनपद पंचायत बागबाहरा में 13550 और जनपद पंचायत बसना में 10619 आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार से नगरीय निकायों से प्राप्त आवेदनों में नगर पालिका परिषद महासमुंद अंतर्गत 262 आवेदन, नगर पालिका परिषद सरायपाली में 397, नगर पालिका परिषद बागबाहरा में 432, नगर पंचायत तुमगांव में 146, नगर पंचायत बसना में 1048, नगर पंचायत पिथौरा में 683 और कलेक्टर कार्यालय महासमुंद में 125 आवेदन प्राप्त हुए। जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालयों, एवं ग्राम पंचायतों में समाधान पेटियों की व्यवस्था की गई है ताकि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लोग अपनी समस्याएं आसानी से दर्ज कर सकें। आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए



पंचायत एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे आमजन को आवेदन भरने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की यह पहल सुशासन तिहार 2025 एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सामने आई है। प्राप्त आवेदनों को डिजिटली प्रविष्ट कर संबंधित विभागों को भेजा जाएगा और एक माह के भीतर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में, प्रत्येक जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगरीय निकायों में भी आवश्यकता अनुसार शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों को उनके आवेदन की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी जाएगी और मौके पर त्वरित समाधान का प्रयास किया जाएगा। शेष समस्याओं का समाधान एक माह के भीतर कर सूचना दी जाएगी। इन शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन फॉर्म भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में सांसद, विधायक, मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। वे शिविरों में सीधे जनता से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लेंगे और औचक निरीक्षण के माध्यम से विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का मूल्यांकन भी करेंगे।

## खल्लारी मेला महोत्सव में बिखरेगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा

# खल्लारी में चैत्र पूर्णिमा मेले में आज होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खल्लारी

जिला के ऐतिहासिक धार्मिक दैवीय माता तीर्थस्थल खल्लारी के ऐतिहासिक चैत्र पूर्णिमा मेला की तैयारी अंतिम चरण पर है। वहीं खल्लारी में शुक्रवार 11 अप्रैल को खल्लारी पहाडी गुफा में स्थापित सिद्ध बाबा की प्रथम पूजा अर्चना पश्चात, पहाड़ी वाली मां खल्लारी के भी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के बाद मध्य रात्रि 12 बजे मंदिर के पट खुलने के साथ ही भव्य खल्लारी मेला का शुभारंभ हुआ।



जिसमें खल्लारी मेला का मुख्य दिवस चैत्र पूर्णिमा आज शनिवार 12 अप्रैल को रहेगा। इस दौरान ऐतिहासिक चैत्र पूर्णिमा मेला महोत्सव के लोक कला संस्कृति से जुड़े विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन 12, 13, 14 अप्रैल को रात्रिकालीन आयोजन भी रखा गया है। जहां पूरे तीन दिन खल्लारी मेला महोत्सव में देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी।



### मेले के दिनों में आती आंधी-तूफान

ऐतिहासिक खल्लारी मेला का कोई भी एक दिन आंधी तूफान और बारिश के साथ बूंदाबांदी की चपेट में आ जाता है। यहां जब भी मेला का आयोजन हुआ है। तब - तब भारी आंधी तूफान से मेले को नुकसान हुआ है। यह बात लोगों की खूब चर्चा में रहती है कि आखिर खल्लारी मेले के दिनों में ही मौसम में फेरबदल क्यों हो जाता है। इस पर कुछ लोगों का यह भी कहना है की मां खल्लारी अप्रत्यक्ष रूप से स्वयं मेला देखने निकलती होगी, तभी अचानक मौसम में फेरबदल हो जाते

### सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम

चैत्र पूर्णिमा मेला के दौरान खल्लारी में दर्शनार्थी एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मेले में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस के जवान अपने विभाग के आला अधिकारीयों के साथ विशेष रूप से तैनात रहेंगे। मेले को लेकर खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र नाग ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार खल्लारी में लगने वाले भीड़ को मद्धेनजर इस बार भी पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। जहां पुलिस के जवान मां खल्लारी के दोनों मंदिरों, मेला महोत्सव स्थल, खल्लारी मेला स्थल आदि जगहों पर भारी संख्या में उपस्थित होकर तैनात रहेंगे।

# सरपंच संघ ब्लॉक महासमुंद के अध्यक्ष बने दिनेश्वर साहू



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष पद हेतु चुनाव 11 अप्रैल को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक चला। चुनाव के तुरंत बाद वोट की गिनती शुरु हुई। 105 सरपंचों वाले महासमुंद ब्लॉक में 3 सरपंचों ने संघ के अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की।

तीनों के बीच हुए चुनाव में कछारडीह सरपंच दिनेश्वर साहू को 50 सरपंचों का वोट मिला और एकतरफा जीत हासिल हुई। दूसरी ओर रिखीराम साहू को 27 और गोपालपुर सरपंच भुनेश्वर ध्रुव को 25 वोट मिले। बता दें कि दिनेश्वर साहू कछारडीह के दूसरी बार सरपंच बने है और पहली बार से अधिक मतों से सरपंच बने है। झलप-पटेवा में मजबूत साख रखने वाले दिनेश्वर साहू भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भी रह चुके है। वर्तमान में उपाध्यक्ष छग प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ रायपुर संभाग भी हैं। साहू ने जीतने के बाद कहा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू का मार्गदर्शन भी मिला।

**खबर संक्षेप**



### आज मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में कार्यक्रम

**सरायपाली।** वन विभाग आफिस के सामने स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में आज चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल शनिवार के दिन हनुमान जन्मोत्सव 57 साल बाद पंचग्रही योग में मनाई जाएगी। इस योग में हनुमान आराधना सुख, समृद्धि और ग्रहों की अनुकूलता के लिए विशेष मानी गई है। पांच ग्रहों की साक्षी में ही संकट मोचन हनुमान का जन्मोत्सव इस साल मनाया जाएगा। इस समय मीन राशि में सूर्य, बुध, शुक्र, शनि और राहु की युति बन रही है। पंचग्रही युति में किसी विशेष मनोकामना की पूर्ति के लिए हनुमानजी की पूजा अर्चना करना शुभ रहेगा।

शनिवार को हनुमान मंदिरों में काफी भीड़ रहेगी, क्योंकि कुंभ, मीन, मेष को साढ़े साती और धनु व सिंह राशि को शनि की ढैय्या चल रही है। इन राशि के जातक भगवान हनुमान के साथ शनि देव को जल चढ़ाने से लाभ प्राप्त होगा। शनि की शुभता के लिए हनुमान जन्मोत्सव के दिन हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से शनिदेव प्रसन्न होंगे। नगर सहित अंचल में हनुमान जन्मोत्सव आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर नगर के विभिन्न मंदिरों में साज-सजावट सहित अन्य तैयारियां पूरी हो गई हैं। हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह अखंड रामायण पाठ, भंडारा और सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया है।

छापा : मुख्यमंत्री साय से शीघ्र मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

# सांसद चौधरी से रेल समिति के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रायपुर बरगढ़ रेललाइन निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष अमर बग्गा व संयोजक दिलीप गुप्ता ने आज बसना में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी से मुलाकात कर रेल लाइन निर्माण के संबंध में चर्चा की गई। व इस संबंध में शीघ्र ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मुलाकात कर उन्हें इस रेललाइन निर्माण के संबंध में जानकारी देकर इसकी आवश्यकता पर चर्चा कर क्षेत्र को रेललाइन सुविधा उपलब्ध कराए जाने की अनुरोध किया जायेगा।

इस संबंध में रायपुर बरगढ़ रेललाइन निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुवे बताया कि आज महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी से बसना गृह निवास जाकर उनसे मुलाकात कर अभी तक की गई कार्रवाई की जानकारी दी गई।



भुवनेश्वर स्थित पूर्वी तट रेलवे के रेलवे लाइन बिछाए जाने हेतु आ रहे ग्रामों की जानकारी दिए जाने हेतु कलेक्टर रायपुर को पत्र लिखा गया था, किंतु जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण आगे की कार्रवाई में बाधा आ रही थी। इस संबंध में विगत 8 मार्च को कलेक्टर रायपुर से मुलाकात कर रिपोर्ट रेलवे विभाग को उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई थी। आज स्वयं सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कलेक्टर से फोन पर बात कर जानकारी ली। कलेक्टर ने बताया कि रायपुर कलेक्टर कार्यालय से रेलवे विभाग को रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है।

वही महासमुंद लोकसभा का 80 प्रतिशत हिस्सा इस नए रेलवे लाईन से लाभान्वित होगा जिसका पर्याप्त लाभ महासमुंद लोकसभा के साथ साथ रायपुर, बरगढ़ व संबलपुर लोकसभा को भी मिलेगा। छत्तीसगढ़ व क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए शीघ्र ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी सांसद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए इस रेललाइन के लिए मांग करेगा।

मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सांसद रूपकुमारी चौधरी को दिया गया। उन्होंने पुनः दिल्ली में रेलमंत्री से मुलाकात कर इस संबंध में चर्चा करने की बात कही। इस अवसर पर ओमप्रकाश चौधरी व कैलाश अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

सुशासन तिहार में ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं खुलकर सामने रखीं। इस दौरान ग्राम पंचायत डोंगरीपाली की जागरूक महिला अमृता खिरोद पटेल ने अपने गांव डोंगरीपाली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग की।

उन्होंने बताया कि आज भी डोंगरीपाली जैसे बड़े ग्राम पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की अनुपस्थिति ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। अमृता पटेल ने बताया कि छोटी-मोटी बीमारियों के लिए ग्रामीणों को 8 से 10 किलोमीटर दूर पिथौरा या अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या महिलाओं को प्रसव के समय होती है, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा पर निर्भर रहना पड़ता है, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर भी प्रसव की सुविधा होती है। उन्होंने शासन से मांग की कि स्वास्थ्य के बुनियादी अधिकार को ध्यान में रखते हुए डोंगरीपाली ग्राम पंचायत में जल्द से जल्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृति दी जाए, जिससे ग्रामीणों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

### मनुष्य को उसके कर्तव्यों का बोध कराती है रामकथा: अशवंत

**महासमुंद।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम मोरधा मे अयोजित राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय अखंड संगीतमय राम कथा का भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने रसपान किया। भव्य स्वागत के लिए सरपंच चंपेश्वरी हेमंत साहू, ईश्वर साहू उनके पूरे टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद आभार तुषार साहू ने कहा कि श्रीराम कथा विश्व कल्याणदायनी है, लोक मंगलकारी है। प्रभु श्रीराम का आचरण एवं व्यवहार अपनाने से जीवन आनंदमय हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास महाराज ने श्रीराम कथा के माध्यम से मानव जीवन संबंधों की महत्ता स्थापित की है। यही वजह है कि श्रीरामचरित मानस में गुरु, माता-पिता, पुत्र-पुत्री, भाई, मित्र, पति-पत्नी आदि का कर्तव्य बोध एवं सदाचरण की सीख हमें सर्वत्र मिलती है। कथा में उन्होंने बताया कि भक्ति मार्ग में सुख-शांति की प्रभा है, जहां आनंद की शीतल छाया मिलती है।



## पालिका में लगी समस्याओं को लेकर आवेदन देने भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार उत्सव 2025 के अंतिम दिन नगर पालिका में शहर के लगभग सभी वार्डो से लोग समस्याएं को लेकर पहुंचे। नागरिकों की भीड़ से नगरपालिका में खचाखच भीड़ हो गई थी जनसैलाब को देखकर नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने सीएमओ से काउंटर बढ़ाने को कहा, तब दो काउंटर और बढ़ाए गए, जिससे लोगों ने राहत महसूस की।

उपाध्यक्ष देवीचंद राठी व मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक सालेम ने बताया कि 4 दिन के तिहार उत्सव में लगभग 700 आवेदन आए। ज्यादातर आवेदन में आवास की समस्याएं, नाली सफाई, महतारी वंदन योजना आदि मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोग पहुंचे थे। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का ऑनलाइन एंट्री कर त्वरित निपटारे वाले प्रकरणों का तत्काल समाधान करें बाकी समस्या अन्य विभागों से संबंधित है उन्हें संबंधित विभाग भेजे जाएं तथा 5 मई से 31 मई तक सभी वार्डों में शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान करना है। राज्य शासन ने आदेश किया है जिसका पालन ईमानदारी से होना चाहिए।



समस्याओं के निपटारे में अधिकारियों द्वारा कोताही न बरता जाए सरकार पूर्णतः गंभीर है कि सुशासन तिहार उत्सव 2025 में आए आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण हो निर्माण संबंधी मांग के आवेदनों को पीआईसी परिषद से राज्य शासन को भेजे जिससे शीघ्र राशि आबंटन कराई जा सके। पार्षद पीयूष साहू, राहुल आवड़े, भाजपा नेता हनीश बग्गा, लक्ष्मी साहू, शरद राव, गुलशन राठी, गौरव राठी, रोशन बग्गा, संजय भोई, राधेश्याम साहू, मालेवार उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष को श्रीराम वाटिका के नागरिकों ने समस्याओं से कराया अवगत




**महासमुंद।** श्रीराम वाटिका अयोध्या नगर के निवासियों ने शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू से सौजन्य भेंट कर वार्ड उनके निवास क्षेत्र में सड़क, नाली व मूलभूत सुविधाओं की मांग की। वार्डवासियों ने श्री साहू को सड़क की समस्या बताते हुए वार्डवासियों की परेशानी से अवगत कराया। वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष को बताया कि श्रीराम कॉलोनी में पेयजल की समस्या बताते हुए पाइप लाइन विस्तार करने की आवश्यकता बताई। वार्डवासियों की समस्या को नपाध्यक्ष ने गंभीरता से सुना। तथा उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित पहल करने आश्वस्त किया। श्रीराम वाटिका के ललित कुमार साहू, अनिल ढीढी, परमेश्वर सिंह ठाकुर, सतीश जाधव, उपेंद्र सोना, गणेश आदि उपस्थित थे।

## प्रजापति ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में जनप्रतिनिधियों का स्नेह मिलन व सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु उपहार भवन द्वारा त्रिस्तरीय चुनाव के जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर उपस्थिति रही। रायपुर से ब्रह्माकुमारी चंद्रकला एवं ब्रह्माकुमारी अहिल्या द्वारा आमंत्रित सदस्यों को धार्मिक चिन्ह, पुस्तकों व प्रतीक चिन्हों भेंट कर सम्मान किया गया। सरायपाली क्षेत्र के सरपंच, जनपद सदस्य व पार्षद भी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत परमात्मा की स्मृति द्वारा किया गया। तत्पश्चात स्वागत गीत कुमारी प्रिया ने दिया और मंच आसान अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर संकल्प दिया गया कि हम सब मिलकर नैतिक मूल्यों का विकास करेंगे स्वच्छ स्वस्थ भारत बनाने में सहयोगी बनेंगे। लोकनाथ बारी जिला पंचायत सदस्य ने कार्यक्रम को संबोधित किया एवं श्रीमती मोगरा पटेल ने सभी को धन्यवाद व बधाई दी। कुमारी भास्कर ने भी सभा को संबोधित किया और संस्था को कार्यक्रम करने की बधाई दी ब्रह्माकुमारी चंद्रकला ने सभी को स्वच्छ स्वस्थ श्रेष्ठ एवं मूल्य निष्ठा समाज की स्थापना में मेरी भूमिका इस टॉपिक पर दीदी ने प्रेरणादाई उद्बोधन दी और कहा कि हमें अंदर बाहर दोनों तरीका से श्रेष्ठ मूल्य लिस्ट समाज बनाना है क्योंकि बाहर से हम विकास कर रहे हैं लेकिन व्यक्ति का मन कमजोर होता जा रहा है। उसे भी सशक्त बनाने की आवश्यकता है। जो अध्यात्म के द्वारा ही संभव है सशक्त विचार सशक्त समाज की रचना करता है अंत में ब्रह्माकुमारी अहिल्या ने सभी को विजई बनने की बधाई दी एवं अपने कार्य क्षेत्र पर सदा अग्रसर होने की अपने क्षेत्र का विकास करने की प्रेरणाय दी और सभी को आशीर्वाद दिया कि आप सब अपने क्षेत्र और समाज का विकास करें। अंत में उन्होंने मेडिटेशन कराया और जीवन जीने की वास्तविकता बताइए तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी अहिल्या, ब्रह्मा कुमारी चंद्रकला एवं मंच पर उपस्थित मोगरा पटेल, कुमारी भास्कर के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्माननीय सरपंच जनपद सदस्य एवं पार्षद गणों का स्वागत सम्मान किया बैज लगाकर गमछा पहनाकर कर एवं परमात्मा स्मृति का भेंट व प्रभु प्रसाद देकर सम्मानित किया यह कार्यक्रम सरायपाली क्षेत्र के लिए गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ।





### डॉ. अशोक आकाश द्वारा रचित काव्य संग्रह मदिरालय का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

काव्यांश साहित्य एवं कलापथक संस्थान महासमुंद एवं जनवादी लेखक संघ के संयुक्त तत्वावधान में स्वाध्याय भवन महासमुंद में डॉ. अशोक आकाश द्वारा रचित काव्य संग्रह मदिरालय का विमोचन किया गया।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
Timing- (11-8) by Appointment
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




मान. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
छ.ग. राज्य बीज एवं
कृषि विकास निगम लि.
के नव नियुक्त अध्यक्ष
मान. श्री राम विचार नेताम
केबिनेट मंत्री (छ.ग.)
मान. श्री चन्द्रहास चन्द्राकर
के पदभार ग्रहण समारोह में पधार रहे
गणमान्य अतिथियों का
स्वागत... वंदन... अभिनंदन...
मान. श्री चन्द्रहास चन्द्राकर
छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लि. छ.ग. शासन
कार्यक्रम
12 अप्रैल 2025, शनिवार, समय : दोपहर 02:00 बजे
स्थान : सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन (मण्डी बोर्ड)
कयाबांधा, सेक्टर-24, नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर
प्रकाश शर्मा
देवेन्द्र चन्द्राकर
प्रेम चन्द्राकर
अमन वर्मा
नंदू जल क्षत्री
श्याम साकरकर
अरविंद चन्द्राकर
रिंकु चन्द्राकर
दिग्विजय साहू
प्रशांत श्रीवास्तव
विनीत : समस्त कार्यकर्तागण, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

**खबर संक्षेप**



### वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन अध्यक्ष से मुलाकात

**सरायपाली।** छग स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू के पद भार ग्रहण के अवसर पर भाजपा युवा नेता रोमी सलूजा एवं आशीष सेन ने मुलाकात की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनता के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक है सुशासन तिहार

**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार को साय सरकार का जनता के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक बताया है। भाजपा नेता श्री साहू ने कहा कि 1 साल से अधिक के सुशासन कार्यकाल में भाजपा ने प्रदेश में चहुंओर विकास की धारा प्रवाहित कर दी है। प्रदेश के किसान, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा सभी का ख्याल साय सरकार ने रखा है। माताओं-बहनों को महतारी वंदन की राशि की 14वीं किस्त रामनवमीं के अवसर पर प्रदान किया गया है। इसी तरह सरकार ने किसानों को एकमुश्त धान की अंतर की राशि का भुगतान कर सबल बनाया है। आज प्रदेश के किसान आत्मनिर्भर होकर किसानी कर रहे हैं।

**निधन**

### कल्याणी चंद्राकर



**महासमुंद।** शहर के शंकर नगर डॉ. तिवारी गली निवासी श्रीमती कल्याणी चंद्राकर (तुमगांव वाले) का 11 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे आरईएस से सेवानिवृत कार्यपालन अभियंता भोला चंद्राकर की धर्मपत्नी, गणेश, नंदकुमार की भाई-बहू तथा पूनम, ट्विंकल चंद्राकर की माता थीं।

### हरिनारायण दीक्षित

**महासमुंद।** जिले के तेंदूकोना निवासी हरि नारायण दीक्षित का निधन हो गया है। वे बलराम दीक्षित (तेंदूकोना) के पिता थे।

# कल पिथौरा में 'आकाश दर्शन एस्ट्रोनॉमी वर्कशॉप' का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा (ग्रामीण)**

- **समर क्लास के बच्चे टेलीस्कोप से देखेंगे सौर मंडल**

संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत आयोजित निःशुल्क मल्टीटेलेंट कार्यशाला में इस बार बच्चों को खगोल विज्ञान की दुनिया से रूबरू कराया जाएगा। 13 अप्रैल को जन विज्ञान केंद्र जगदीशपुर, छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा व संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा के संयुक्त तत्वावधान में 'आकाश दर्शन एस्ट्रोनॉमी वर्कशॉप' का आयोजन किया गया है।

इस विशेष कार्यशाला में संस्कार समर क्लास सहित नगर के अन्य स्कूलों के बच्चे टेलीस्कोप के माध्यम से सौर मंडल, चंद्रमा की बाह्य संरचना, तारों की दुनिया और अंतरिक्ष की गहराइयों को करीब से देख सकेंगे। कार्यशाला का आयोजन शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक प्रतिभा पब्लिक स्कूल, रावणभाठापारा, पिथौरा में किया जाएगा। कार्यशाला की डायरेक्टर सीमा गौरव चंद्राकर ने बताया कि इस आयोजन में अंतरिक्ष विज्ञान और खगोल विज्ञान के विशेषज्ञों की टीम विशेष रूप से उपस्थित रहेगी। बच्चों को बताया जाएगा कि स्पेस साइंस में करियर बनाने के लिए कौन-कौन से कदम उठाने चाहिए। साथ ही सोलर सिस्टम, गैलेक्सी, ब्लैक होल, इसरो और अंधविश्वास से जुड़ी वैज्ञानिक अवधारणाओं पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।



कार्यशाला में प्रमुख विशेषज्ञ अजय कुमार भोई, व्याख्याता सेजेस बसना, सुबोध तिवारी व्याख्याता नर्रा, हेमंत खुटे छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा पिथौरा, गौरव चंद्राकर युवा वैज्ञानिक जन विज्ञान केंद्र जगदीशपुर की टीम शामिल रहेगी। इस अवसर पर नवाचारी विज्ञान शिक्षकों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का भी सम्मान किया जाएगा कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक समिति से पत्रकार गौरव चंद्राकर, राजा बाबू उपाध्याय, संतोष गुप्ता, संस्थान से अनिल पटनायक, अंतर्यामी प्रधान की टीम सक्रिय रूप से जुटी हुई है। यह आयोजन नगर के सभी पालकों व छात्रों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। आयोजकों ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चों को विज्ञान से जोड़ने की इस अनूठी पहल का हिस्सा बनने की अपील की है।

## दिक्कत : मरीजों की जेब पर पड़ रहा सीधा असर

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में महीनों से बंद पड़ी सीबीसी मशीन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा**

- **सीएमएचओ ने कहा शासन को भेजी गई है रिपोर्ट**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में महीनों से सीबीसी जांच मशीन खराब पड़ी है, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मशीन की मरम्मत नहीं होने के कारण अब तक इस मूलभूत जांच के लिए मरीजों को निजी पैथोलॉजी लैब का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां 250 रुपये तक की फीस वसूली जा रही है।



सीबीसी मशीन से रक्त में लाल रक्त कोशिकाओं, श्वेत रक्त कोशिकाओं, प्लेटलेट्स और हीमोग्लोबिन की संख्या की जांच की जाती है। इसके अलावा इससे इस्नोफीलिया जैसी स्थितियों का भी पता चलता है। यह जांच सामान्य बुखार, खांसी, संक्रमण आदि की स्थिति में चिकित्सक द्वारा लिखी जाती है, लेकिन मशीन खराब होने से इसका सीधा असर आम जनता के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। पिथौरा के बीएमओ डॉ. बीबी कोसरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीसी मशीन की खराबी की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है, लेकिन अब तक कोई टेक्नीशियन नहीं पहुंचा है, जिससे स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस मामले में जब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि शासन को इस बाबत रिपोर्ट भेजी गई है। फिलहाल इस समस्या का त्वरित समाधान निकालते हुए पिथौरा सीएचसी में पीएचसी से अस्थायी तौर पर सीबीसी मशीन मंगाई जाएगी, ताकि लोगों को जांच के लिए भटकना न पड़े।

# राज्य स्तरीय लेसन प्लान टीचिंग में डाइट महासमुंद ने मारी बाजी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीआरटी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय लेसन प्लान टीचिंग में महासमुंद डाइट ने प्राचार्य मीना पाणिग्रही के मार्गदर्शन एवं प्रभारी व्याख्याता राजेश चंद्राकर के निर्देशन में प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित कर महासमुंद डाइट का दबदबा कायम रखा। ज्ञातव्य हो कि इस प्रतियोगिता में महासमुंद डाइट ने पिछले वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित किया था। उक्त सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्रही ने कहा कि छात्र अध्यापक रेणुका पटेल एवं कुमकुम टंडन का टीचिंग प्लान प्रदर्शन यह प्रदर्शित करता है कि लेसन प्लान निर्माण में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महासमुंद अत्यंत ही संवेदनशील है। छात्र अध्यापक रेणुका पटेल द्वारा प्राथमिक विद्यालय के कक्षा चौथी के लिए गणित विषय पर क्षेत्रफल नामक लेसन का अध्यापन कराया गया। इसी प्रकार छात्र अध्यापक कुमकुम टंडन द्वारा अपर प्राइमरी स्कूल लेवल पर कक्षा आठवीं के विज्ञान विषय का अध्यापन कराया गया। दोनों ने स्टेट लेवल में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित कर महासमुंद का नाम गौरवान्वित किया है।



इस उपलब्धि पर संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता टेकराम सेन ने कहा कि 18 डाइट के प्रतिभागियों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित करना हमारे लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि एक सफल शिक्षक के निर्माण में महासमुंद डाइट सदैव अग्रणी रहा है। इस सफलता पर संचालक एससीईआरटी एकेडमिक सदस्य एनसीईआरटी सहायक अध्यापक अरुण प्रधान, के. सिंह, व्याख्यातागण उमादेवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, संतोष साहू, टेकराम सेन, कमलेश पांडे, किरण कन्नौजे, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, तिलोत्तमा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आम आदमी पार्टी की राज्य स्तरीय बैठक हुई

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

रायपुर में आम आदमी पार्टी की राज्य स्तरीय बैठक हुई। जिसमें सभी 33 जिलों के जिला अध्यक्ष के अलावा जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं प्रभारी राज्यसभा सांसद संदीप पाठक, राज्य अध्यक्ष गोपाल साहू उपस्थित रहे। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की समीक्षा बैठक में आम आदमी पार्टी के छत्तीसगढ़ राज्य संयोजक व प्रभारी राज्यसभा सांसद संदीप पाठक राज्य के प्रभारी उपस्थित रहे। राज्य अध्यक्ष गोपाल साहू आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ राज्य में तहसील और ग्राम स्तर पर संगठन का विस्तार के बारे में कहा आम आदमी पार्टी का इस चुनाव में वोट का प्रतिशत बढ़ा है। छत्तीसगढ़ में सौ पंच-सरपंच पार्षद और नगर पालिका अध्यक्ष भी चुनकर आए हैं। कार्यक्रम में सभी अध्यक्ष उपाध्यक्ष सरपंच पंच का सम्मान भी किया गया। कई सुझाव भी जिला अध्यक्ष ने पाठक को दिया जिसमें महासमुंद जिला के जिला अध्यक्ष ने कहा कि पूरे भारत में लगभग आठ सौ जिला है और दिल्ली में प्रशिक्षण के लिए सभी जिला अध्यक्ष को बुलाया जाए बहुत जल्द ही केजरीवाल छत्तीसगढ़ के जिले में दौरा करेंगे। जिस जिले में चुनाव लड़ा गया है और विजयी प्रत्याशी हैं उनको प्राथमिकता दी जाएगी। जिले में भी जल्द ही अरविंद केजरीवाल के आने की संभावना है। जिले के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक एवं संयुक्त सचिव संजय यादव और पार्षद प्रत्याशी जितेंद्र साहू का सम्मान किया गया।



# स्वास्थ्य केंद्र में डॉ एस एन डड़सेना को दी गई भावभीनी विदाई, 34 वर्षों की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में विगत दिनों स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ एसएन डड़सेना के सेवा निवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। डॉ. डड़सेना ने लगातार 34 वर्षों तक पिथौरा सीएचसी में बतौर स्त्री रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, स्टाफ और अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



डॉ. डड़सेना ने अपने कार्यकाल के दौरान हजारों महिलाओं एवं पुरुषों की नसबंदी जैसे जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए, साथ ही सिजेरियन डिलीवरी के माध्यम से अनगिनत माताओं को सुरक्षित मातृत्व का सुख भी दिलाया। उनकी विशेषज्ञता और समर्पण ने उन्हें क्षेत्र के लोगों के बीच न केवल एक कुशल चिकित्सक, बल्कि एक विश्वासपात्र मार्गदर्शक के रूप में स्थापित किया। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. बीबी कोसरिया ने कहा कि डॉ. डड़सेना का योगदान पिथौरा क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अविस्मरणीय है। सेवानिवृत्त होने पर उन्हें कार्यक्रम के अंत में स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय जीवन की कामना की गई।

# मीडिया और सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों व जिला पीआरओ का ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में पश्चिम बंगाल से आए 2 जिला निर्वाचन अधिकारी, 12 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और 217 बूथ लेवल अधिकारी के लिए गुरुवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह पहल, आयोग द्वारा 4 मार्च को कककऊएट में आयोजित सीईओ सम्मेलन में परिकल्पित जमीनी चुनाव अधिकारियों की क्षमता वृद्धि के व्यापक प्रशिक्षण योजना का हिस्सा है।

इसके अतिरिक्त, मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम कककऊएट, नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बदलते मीडिया परिदृश्य में चुनाव अधिकारियों के बीच समन्वय और तैयारी को सशक्त बनाना था।

28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से आए मीडिया अधिकारियों ने इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका उद्देश्य एक प्रभावी संचार रणनीति विकसित करना है ताकि सूचना सक्रिय रूप से प्रसारित की जा सके, गलत सूचना का मुकाबला किया जा सके, और विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके। यह सब विधिक ढांचे (आरपी अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निदेर्शों) के अनुरूप किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपने संबोधन में यह स्वीकार करते हुए कि मीडिया चुनाव प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भागीदार है, तथ्यात्मक, समय पर और पारदर्शी संचार की महत्ता को रेखांकित किया, जिससे मतदाताओं का चुनाव प्रक्रिया में विश्वास बना रहे, विशेषकर इस डिजिटल सूचना युग में। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया अधिकारियों को सही जानकारी के प्रचार में सक्रिय रहना चाहिए और मतदाताओं को तथ्यहीन से बचाते हुए उन्हें सही जानकारी से सशक्त बनाना चाहिए।

# बेमचा के खल्लारी मंदिर में लगेगा चैत्र पूर्णिमा पर मेला

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

ग्राम बेमचा स्थित खल्लारी मंदिर में चैत्र पूर्णिमा मेला का आयोजन किया जाएगा। मां खल्लारी को लेकर प्रचलित किंवदंती के अनुसार खल्लारी का तात्पर्य है खल + अरी अर्थात शत्रुओं का नाश करने वाली। मां खल्लारी साक्षात नारी रूप में विचरण किया करती थी और हाट बाजार जाया करती थीं। आज से लगभग 300 वर्ष पूर्व बेमचा (महासमुंद) में नायक (बंजारा) जाति के लोगों का आधिपत्य था जो आर्थिक दृष्टि अत्यधिक संपन्न और समृद्धिशाली माने जाते थे। इनका निवास बेमचा के बावली भाठा एवं महासमुंद के इमली भाठा के विशाल मैदानी पठारों के बीच स्थित था। दोनों के बीच रामसागर तालाब इसके निस्तारी एवं मवेशियों के नहलाने धोने के काम में उपयोग में लाया जाता था। इन्हीं नायक राजा के द्वारा बेमचा में बालाजी मंदिर का निर्माण कराया गया एवं बावली खुदवाई गई। बावली से लगा मंदिर भी बनवाया, जिसके अंदर से होकर सीढ़ियों के द्वारा बावली में जाने का रास्ता भी है। इसी मंदिर के बीच एक चबूतरनुमा स्थान हैं जो खुला हुआ हैं। इसी स्थान में बैठकर नायक राजा अपनी रानी के साथ मनोरंजन हेतु पाशा खेलते हुए प्राकृतिक दृष्टियों का आनंद लिया करते थे।



कहा जाता है कि इस मंदिर परिसर में गुरुवार को विशाल साप्ताहिक बाजार लगता था और मां खल्लारी नवयुवती का रूप धारण कर बाजार भ्रमण के लिए आया करती थी। किवदंती के अनुसार नायक राजा मां के अलौकिक रूप को देखकर मोहित हो गया और वह राजहठ द्वारा उन्हें पाने की चेष्ठा करने लगा। मां ने अनेक बार नायक राजा को समझाया कि जिसे तू साधारण नारी समझ रहा है वह तेरी भूल है। मैं तुम्हारी गांव बेमचा की कुलदेवी खल्लारी माता हूं। परंतु राजा को धर्म, अधर्म, नीति-अनीति का कुछ भी ज्ञान नहीं रहा। कामान्ध राजा बलात उनसे छीन झपटी करने लगा तब कुपित होकर नारी स्वरूपा मां ने नायक राजा को शाप दिया कि आज से तुम्हारा राज पाठ, धन वैभव, कुटुंब परिवार सब कुछ नाश हो जाएगा।

जनश्रुति के मुताबित नायक रानी तत्समय वहां घटना स्थल पर पहुंच गईं। मां ने उसे राजा के कुकृत्य का दर्शन कराया। रानी से राजा का अत्याचार देखा न गया और बावली में कूद गई। आत्मग्लानि से व्यथित राजा ने लोक लाज और लोक निंदा के भय से तत्क्षण ही बावली में कूदकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। कहा तो यहां तक जाता है कि नायक राजा-रानी के पूरे परिवार ने उसी बावली में प्राण त्याग दिए और मां खल्लारी ने उसी दिन पाषाण रूप धारण कर लिया आज भी बालाजी मंदिर परिसर में बावली और मंदिर अभी भी कायम है। चैत्र पूर्णिमा मेला के पहले रात 11 से 12 बजे के बीच मां खल्लारी का पहले पूजा किया जाता है। बीते हुए कल की यादों को समेटे यह मंदिर और बावली आज भी मौन होकर खल्लारी माता और नायक राजा कह रहे है।

बेमचा बस्ती से लगा हुआ पूर्व की दिशा में मां खल्लारी का मंदिर है। प्रतिवर्ष क्वांर नवरात्र एवं चैत्र नवरात्र में ज्योत प्रज्ज्वलित किए जाते जहां प्रतिवर्ष चैत्र पूर्णिमा को मेला लगता है। श्रद्धालुगण यहां आते है उसकी हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

## जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में वार्षिकोत्सव छात्राध्यापकों में दिखा उत्साह

# डाइट में दो दिवसीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुईं संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डाइट में डाइट स्तरीय शिक्षा सम्मेलन सह सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य मीना पाणिग्रही कार्यक्रम समन्वयक सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान के मार्गदर्शन एवं सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन के निर्देशन में आठ एवं 9 अप्रैल को उत्साह पूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान की सदस्य रही पूर्व प्राचार्य उषा लता त्रिपाठी उपस्थित रही। अध्यक्षता प्राचार्य मीना पाणिग्रही ने की। विशिष्ट अतिथि व निर्णायक के रूप में सेवानिवृत्ति व्याख्याता प्रकाश प्रधान उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के आसंदी से उषा लता त्रिपाठी ने कहा कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जिले के लिए प्रेरणा स्त्रोत संस्थान है, यहां की गतिविधियों से शिक्षा जगत लाभान्वित होता है। उन्होंने कहा कि डाइट महासमुंद सभी मानकों में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की भव्यता को देख प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्राचार्य सहित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रभारी एवं क्रीड़ा प्रभारी टेकराम सेन व संतोष साहू ने उल्लेखनीय तैयारी की है। प्राचार्य पाणिग्रही ने कहा कि छात्र अध्यापकों द्वारा की गई सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा के क्षेत्र में अद्भुत प्रदर्शन मील का पत्थर साबित होगा एवं भविष्य में उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में कार्य कर सकेंगे। इस अवसर पर क्रीडा प्रतियोगिता में शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, तवा फेक, गोला फेंक,



बोरा दौड़, बाधा दौड़, सुई धागा, फोटोग्राफी जैसे महत्वपूर्ण खेलों का आयोजन सहायक अध्यापक श्री के सिंह, व्याख्याता उमा देवी शर्मा, राजेश चंद्राकर, संतोष साहू, टेकराम सेन, किरण कन्नौजे, सुमन दीवान, दुर्गा सिन्हा, तिलोत्तमा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू एवं कार्यालयीन सदस्यों के निर्देशन में किया गया। द्वितीय दिवस सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन के निर्देशन में आकर्षक एवं विहंगम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन छात्र अध्यापकों के लिए किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पाठ्यपुस्तक एवं लोक विधा पर आधारित पंडवानी, भरथरी, लोरिक चंदा, बस देव सामूहिक नृत्य में बस्तरिया जस गीत, सरगुजिया एवं कर्मा नृत्य के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी गई। युगल नृत्य में जसवंत सिदार एवं माधुरी द्वारा प्रस्तुत देवार गीत ने खूब तालियां बटोरी। वहीं, एकल गीत व एकल नृत्य में राज्यश्री मरावी, मनोज बंजारे, तनूजा ध्रुव, कुमकुम टंडन, ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में रेणुका पटेल, शीतल साय, पल्लवी साहू, पवन कुमार, ज्योति, जसवंत सिदार एवं अनिकेत, दिव्या सोनवानी ने अद्भुत प्रदर्शन किया। सदनवार आयोजित इस प्रतियोगिता में विजेता शिवम सदन एवं उपविजेता सत्यम सदन बने। वही, मधुरम एवं सुंदरम सदन में भी अद्भुत प्रदर्शन कर सबको आकर्षित किया कार्यक्रम की सफलता में सुनील साहू, सुषेण दीवान, आकांक्षा साहू, योगेंद्र पांडे, राधा साहू, मीना साहू, गरिमा सिंह राजपूत, प्रदीप साहू, तरुण चंद्राकर, हीरामन साहू, अजय कन्नौज, उदित नारायण तिवारी सहित समस्त छात्र अध्यापकों का विशेष योगदान रहा। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम समन्वयक सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान ने किया।

